दिनांक: 02.08.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्यपालों का दो दिन का सम्मेलन नई दिल्ली में शुरू–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपालों से राज्यों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में समन्वय बढ़ाने को कहा।
- प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश–टोंक, सवाईमाधोपुर, बारां जिलों में बारिश से कई मार्ग अवरूद्ध।
- आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इस साल जून तक 34 करोड से ज्यादा आयुष्मान कार्ड जारी किए गए।

  और

- प्रदेश के अंगदाता परिवारों का राज्य स्तर पर सम्मान–चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा–राज्य में अंगदान के प्रति जनचेतना बढ़ी।

00000

राज्यपालों का दो दिन का सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के एजेंडा में सावधानीपूर्वक चुने गए मुद्दे शामिल किए गए हैं, जो राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में तीन नए कानूनों के लागू होने से न्याय प्रणाली का एक नया युग शुरू हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र के सुचारू संचालन के लिए यह महत्वपूर्ण है कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां सभी राज्यों

में बेहतर समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने राज्यपालों को सलाह देते हुए कहा कि वे संबंधित राज्यों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में इस समन्वय को बढ़ावा दे सकते हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और मूल्यांकन प्रणाली में सुधार पर जोर दिया गया है। उन्होंने राज्यपालों से विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में इस सुधार प्रक्रिया में योगदान देने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बड़े पैमाने पर जन आंदोलन बनाकर इसमें योगदान दे सकते हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपालों की शपथ का उल्लेख किया और उनसे लोगों को सामाजिक कल्याण योजनाओं और पिछले दशक के दौरान हुए अविश्वसनीय विकास के बारे में जागरूक करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में, राज्यपालों से केंद्र और राज्य के बीच एक प्रभावी सेतु की भूमिका निभाने तथा योजनाओं से वंचित लोगों की सहायता के लिए जनता और सामाजिक संगठनों के साथ विचार विमर्श करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद एक महत्वपूर्ण संस्था है जो संविधान के दायरे में राज्य के लोगों के कल्याण और विशेषकर जनजातीय इलाकों के संदर्भ में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सम्मेलन के एजेंडे में तीन नए आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता और फोकस क्षेत्रों का विकास शामिल है। प्रचार अभियानों में राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में

विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार विमर्श होगा।

000

प्रदेश में 2 दिन पहले शुरू हुआ तेज बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहा और कई स्थानों पर जमकर वर्षा हुई है। शाहपुरा में आज भी अच्छी बारिश हुई। टोंक में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने दो दिन की बारिश से प्रभावित पीपलू क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कल रात टूटे बोरखण्डी कलां लघु बांध के मरम्मत कार्य का जायजा भी लिया। बांध टूटने पर उपखण्ड प्रशासन ने बचाव और राहत की त्वरित कार्रवाई की। तेज बारिश से कई गांवों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। बारां जिला कलेक्टर ने पार्वती नदी के बहाव क्षेत्र के गांव हनोतिया का मौका मुआयना किया। सवाईमाधोपुर जिले में नदी नालों में उफान आने से कई गांवों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क कट गया है। गलवा नदी में जल स्तर बढ़ने से चौथ का बरवाड़ा–सवाईमाधोपुर मार्ग अवरूद्ध हो गया है। हनुमानगढ़ में हुई मूसलाधार बरसात से कई मार्ग अवरुद्ध हो गए। इसके बाद आज जिला कलेक्टर कानाराम ने शहर का दौरा कर बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया।

.................

जयपुर में रिमझिम बरसात से मौसम सुहाना हो गया। बीकानेर के ग्रामीण इलाकों में भी आज जोरदार बरसात हुई है जिससे खेतों में पानी भर गया। बालोतरा में रिमझिम वही फलोदी में आज 1 घंटे तेज बरसात हुई।

भीलवाड़ा में आज भी बारिश का दौर जारी रहा। पिछले दो दिन में हुई बरसात से ज्यादातर जिलों में लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। पाली जिले में भी आज सुबह से कहीं मध्यम तो कहीं तेज बारिश हो रही है जिससे नदी–नाले उफान पर हैं। खेतों में भी पानी भर गया है। अजमेर में भी रूक–रूक कर लगातार बारिश हो रही है। इसके अलावा जैसलमेर, दौसा, सांचौर, नागौर, ब्यावर, सलूम्बर, चित्तौडगढ और जोधपुर में भी तेज बारिश के समाचार हैं। राज्य के कई अन्य जिलों में भी आज हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं मूसलाधार बारिश के समाचार मिले हैं। मौसम विभाग ने अगले चार–पांच दिन प्रदेश में मानसून की के ज्यादा सक्रिय रहने की संभावना जताई है विभाग के जयपुर केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 48 घंटे में कई जगह भारी से बहुत भारी बरसात होने के आसार हैं।

.................

इस बीच जालौर जिला कलेक्टर ने जिले में 4 और 5 अगस्त को मौसम विभाग की ओर से की गई भारी बारिश की भविष्यवाणी के मद्दे नजर जिलाधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सवाईमाधोपुर की ओर से आज जडावता गांव में संपूर्णता अभियान और राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के सिलसिले में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सूचना सेवा की सहायक निदेशक मनीषा मीणा ने बताया कि केंद्र सरकार ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। केन्द्र सरकार की ओर से यह फैसला चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर

की लैंडिंग और प्रज्ञान रोवर की तैनाती के साथ चंद्रयान–3 मिशन की सफलता का जश्न मनाने की उपलक्ष में किया गया है। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

000

------------------

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार, देश में किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्यसभा में अपने मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि इस वर्ष के बजट में किसानों की भलाई के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन किया गया है। श्री चौहान ने बताया कि कृषि कामों के लिए एक लाख 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि निर्धारित की गई है, जो वर्ष 2013–14 में आवंटित धन से 27 हजार करोड़ रुपये अधिक है। कृषि मंत्री ने कहा है कि सरकार सिंचाई कार्यों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे 2023–24 के दौरान खाद्यान्न का उत्पादन रिकॉर्ड तीन सौ उनतीस मिलियन टन से अधिक हो गया। उन्होंने बताया है कि दलहन उत्पादन बढ़ाने के भी कई प्रयास किये गये हैं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार एक लाख 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक की उर्वरक सब्सिडी दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने खाद्यान्नों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में भी बढोतरी की है। कृषि मंत्री ने कहा कि खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन लागत कम करना और उचित मूल्य देना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है।

000

केंद्र सरकार ने कहा है कि आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इस साल 30 जून तक 34 करोड से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि यह योजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, पश्चिम बंगाल और ओडिसा को छोडकर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत अस्पताल में कुल सात करोड 37 लाख भर्तियों पर उपचार में एक लाख करोड रूपए से अधिक खर्च किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस योजना का लक्ष्य लाभार्थियों को पहली और दूसरी बार इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर हर साल प्रति परिवार पांच लाख रुपये के उपचार की सुविधा देना है। श्री जाधव ने कहा कि पात्र लाभार्थी 29 हजार से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों में मुफ्त ईलाज का फायदा ले सकते हैं।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि अंगदान मानवता की सेवा और समाज के लिए सर्वोच्च योगदान है। जीवनदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। श्री खींवसर आज जयपुर में आयोजित अंगदान जागरूकता अभियान और सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अंगदाताओं के परिवारों को सम्मानित करते हुए कहा कि ये परिवार अंगदान के क्षेत्र में रोल मॉडल हैं, जिन्होंने अपार दु:ख की घड़ी में अपने परिजन के अंगदान करने का साहसिक फैसला किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंगदान को लेकर जो जनचेतना विकसित हुई है, उससे राजस्थान का गौरव बढ़ा है। अंगदान की ऑनलाइन शपथ में राजस्थान अव्वल है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश में अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी का मामला सामने आया तो अंगदान का कार्य प्रभावित हुआ, लेकिन राज्य सरकार ने इस मामले में सख्त एक्शन लिया और नई कमेटियों का गठन किया। कई बाधाओं के बावजूद प्रदेश में अंगदान और प्रत्यारोपण का अभियान फिर मजबूती से खड़ा हो रहा है। सरकार इस मुहिम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पुरजोर प्रयास सुनिश्चित करेंगी। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि राजस्थान में अंगदान का अभियान अब केवल राजकीय कार्यक्रम नहीं होकर जनअभियान बन चुका है। उन्होंने बताया कि पिछले 6 महीने में ही प्रदेश में 6 कैडेवर ट्रांसप्लांट हो चुके हैं, जबकि पिछले पूरे वर्ष में 5 ट्रांसप्लांट हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को अंगदान में आगे ले जाने के लिए इससे जुड़े सभी अधिकारी, संस्थाएं और प्रदेश की जनता साधुवाद की पात्र हैं। जनसहभागिता से ही प्रदेश में इस कार्यक्रम को नए आयाम मिले हैं।

000

भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ कल शपथ लेंगे। शपथग्रहण का कार्यक्रम भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर आयोजित किया जाएगा। आज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस समारोह की तैयारियों का जायदा लिया। इनमें भाजपा प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, नारायण पंचारिया और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी शामिल हैं।

000

.............................

पेरिस ओलंपिक खेलों के सातवें दिन निशानेबाजी में मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई है। क्वालीफिकेशन राउंड में वे दूसरे स्थान पर रहीं। तीरंदाज अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा ने इंडोनेशिया को 5–1 से हराकर मिक्सड टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। हॉकी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 3–2 से हरा दिया है। भारत पहले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है। जूडो में 78 किलोग्राम से ज्यादा भार वर्ग में तुलिका मान राउंड ऑफ 32 में हार कर बाहर हो गई है। रौइंग में पुरुषों के सिंगल्स स्कल्स में बलराज पवार फाइनल डी में पांचवें स्थान पर रहे और अपने अभियान का समापन 23वें स्थान पर रहकर किया।

000